Live हिन्दुस्तान.com

4.77 लाख के नकली नोटों के साथ दो धरे

हिन्दुस्तान टीम,शामली

Last updated: Sat, 24 Mar 2018 12:49 AM

1 / 2कैराना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को कैराना यमुना ब्रिज से चेकिंग के दौरान कार से चार लाख 77 हजार 500 रुपये के नकली नोटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी नोट पांच सौ और दो-दो हजार के हैं।...

कैराना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को कैराना यमुना ब्रिज से चेकिंग के दौरान कार से चार लाख 77 हजार 500 रुपये के नकली नोटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सभी नोट पांच सौ और दो-दो हजार के हैं। कार से स्कैनर, कलर प्रिंटर व सफेद कागज भी बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक दोनों युवक खुद ही नकली नोट बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार को कैराना कोतवाली में सीओ कैराना राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कोतवाली प्रभारी भगत सिंह की टीम यमुना ब्रिज पर चेकिंग अभियान चला रही थी। एक कार को चेकिंग के लिए रुकवाया। तलाशी पर कार से चार लाख 77 हजार 500 रुपये के नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार गौरव सिंह निवासी जलालपुर हैदरनगर थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर और सागर धीमान निवासी न्यू पटेलनगर थाना पटेलनगर देहरादून को भी गिरफ्तार कर लिया। कार से एक इलैक्ट्रॉनिक उपकरण स्कैनर, कलर प्रिंटर, दो डिब्बे कलर प्रिंटर, डाटा केबिल, दस्ता सफेज कागज, कच्ची पेंसिल भी बरामद की। आरोपियों ने बताया कि नकली नोट बनाकर हरियाणा और दिल्ली में चलाते हैं। आरोपी गौरव व सागर धीमान के खिलाफ लुधियाना, फतेहगढ़ पंजाब, कैराना में भी मुकदमें दर्ज हैं तथा उनका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। विदेशी तस्कर से खरीदा जाना था मादक पदार्थ नकली करेंसी के साथ पकड़े गए दोनों आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किये हैं। आरोपियों ने बताया कि वह नकली नोटों का इस्तेमाल मादक पदार्थ खरीदने के लिए करने वाले थे। दिल्ली में नाइजीरिया के एक तस्कर से उनकी डील हुई थी, लेकिन नोटों की पहचान होने पर डील फेल हो गई और डिलीवरी नहीं हो सकी। हरियाणा के रास्ते दिल्ली से लौटते समय पुलिस चेकिंग में वह धरे गए।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/shamli/story-police-seized-4-77-lakh-fake-currency-1866671.html